INDIAN SCHOOL SOHAR
TERM - 1 EXAM. (2017-2018)
SUBJECT: HINDI **Time : 3 Hours**

Class : VII **Marks : 80**

Date : 19/09/17

सामान्य निर्देश : (1) इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं क ,ख ,ग और घ। चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(2) इस प्रश्न पत्र में कुल 13 प्रश्न हैं।सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(3) प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले प्रश्न संख्या अवश्य लिखिए।

खंड - क (अपठित गद्यांश)

प्रश्न 1 : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर सही उत्तर चुनकर लिखिए।

शहीद भगतसिंह का जन्म **27** सितंबर , **1907** को जेरांवाला ज़िला लायलपुर(अब पाकिस्तान)में हुआ।इनका पूरा परिवार देशभक्तों का परिवार था। इनके पिता सरदार किशन सिंह और चाचा सरदार स्वर्ण सिंह पक्के क्रांतिकारी देशभक्त थे और दूसरे चाचा अजीत सिंह को देश से निर्वासित कर दिया गया था। भगतसिंह बचपन से ही वीर, निडर और क्रांतिकारी थे। भगतसिंह और उनके साथियों ने **1926** में 'नौजवान भारत सभा' की स्थापना की जिसका उद्देश्य युवाओं और किसानों को उनका हक दिलाना था।**1928** में भगतसिंह महान देशभक्त लाला लाजपतराय के संपर्क में आए और स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े।**8** अप्रैल , **1929** में भगतसिंह और उनके साथियों ने केंद्रीय विधानसभा में बम फेंककर धमाका किया और 'इंकलाब ज़िन्दाबाद' के नारे लगाते हुए अपने आपको गिरफ़्तार करवाया।इस अभियोग में भगतसिंह , राजगुरु और सुखदेव को फाँसी की सज़ा सुनाई गई।भारतमाता के सच्चे सपूतों को केंद्रीय जेल में शाम सात बजे फाँसी दे दी गई और कायर अंग्रेज़ों ने इनके शवों को सतलुज नदी के तट पर मिट्टी का तेल डाल कर जला दिया और सतलुज नदी में फेंक दिया।गाँववालों ने अधजले शरीरों को निकालकर उनका अंतिम दाह संस्कार किया।देश की स्वतंत्रता हेतु दिए गए बलिदान की गूँज देशभर में छा गई।हम हमेशा ऐसे सच्चे वीरों के ऋणी रहेंगे।

(क) शहीद भगतसिंह का जन्म कब और कहाँ हुआ ? (1)

(ख) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। (1)

(ग) भगतसिंह लाला लाजपतराय के संपर्क में कब आए ?। (2)

(घ) भगतसिंह के परिवार के अन्य देशभक्तों के नाम लिखो । (2)

(ड़) 'नौजवान भारत सभा' की स्थापना का उद्देश्य क्या था ? (2)

(च) भगतसिंह ,राजगुरु और सुखदेव को फाँसी की सज़ा क्यों सुनाई गई ? (2)

खंड - ख (व्याकरण)

प्रश्न 2 : निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। (2)

कठोर , नयी , अंदर , सुख

प्रश्न 3 : (i) निम्नलिखित शब्दों के मूलशब्द एवं प्रत्यय अलग करके लिखिए (3)

गाड़ीवाला , धनवान , भलाई

(ii) निम्नलिखित शब्दों के उपसर्ग एवं मूलशब्द अलग करके लिखिए। (3)

सुगंध , प्रगति , चीफ़ -मिनिस्टर

प्रश्न 4 : (i) दिए गए शब्दों के वचन बदलकर लिखिए । (2)

वस्तु , घोड़ा

(ii) रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य को दुबारा लिखिए। (2)

(क) लड़की गीत गाती है।

(ख) अध्यापक के आते ही बच्चा बैठ गया।

(iii) रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य को दुबारा लिखिए। (2)

(क) नाटक में नायक की भूमिका महत्त्वपूर्ण होती है।

(ख) शेर जंगल में दौड़ रहा है।

प्रश्न 5: (i) निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त कारक चिह्न छाँटकर उनके भेद लिखिए। (4)

(क) भारत की राजधानी दिल्ली है।

(ख) सड़क पर मत खेलो।

प्रश्न 6: (i) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके फिर से लिखिए । (2)

(क) हरि और मोहन परस्पर आपस में लड़ते हैं।

(ख) कृपया मेरे पत्र पर ध्यान देने की कृपा करें।

(ii) निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए । (2)

आर्शीवाद , कार्यकर्म

खंड - ग (साहित्य)

प्रश्न 7 : निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। (5)

साफ़ा , संरक्षण , परिचित , सहज , गश्त

प्रश्न 8 : निम्नलिखित शब्दों तथा मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए। (5)

थर-थर काँपना , धावा बोलना , मनमानी , ग्राहक , चिड़िया

प्रश्न 9 : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

उस दिन संध्या समय उनके देखते-देखते सामने की गुलाब की डाली पर एक चिड़िया आन बैठी। चिड़िया बहुत संदर थी। उसकी गरदन लाल थी और गुलाबी होते-होते किनारों पर ज़रा-ज़रा नीली पड़ गई थी। पंख ऊपर से चमकदार स्याह थे। उसका नन्हा सा सिर तो बहुत प्यारा लगता था और शरीर पर चित्र-विचित्र चित्रकारी थी। चिड़िया को तो माने माधवदास की सत्ता का कुछ पता नहीं था और मानो तनिक देर का आराम भी उसे नहीं चाहिए था। कभी पर हिलाती थी , कभी फुदकती थी। वह खूब खुश मालूम होती थी। अपनी नन्हीं सी चोंच से प्यारी-प्यारी आवाज़ निकाल रही थी।

(क) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ व लेखक का नाम लिखो। (2)

(ख) चिड़िया का रूप कैसा था ? (2)

(ग) चिड़िया को माधवदास की सत्ता का पता क्यों नहीं था ? (2)

(घ) चिड़िया कैसी आवाज़ निकाल रही थी ? (1)

(ङ) 'चिड़िया' शब्द का वहुवचन बताइए। (1)

प्रश्न 10 : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए ?

(क) एनीमिया क्यों होता है ? (1)

(ख) रोहिणी के बच्चों का नाम क्या था ? (1)

(ग) कठपुतली किससे बँधी हुई थी ? (1)

(घ) माधवदास की कोठी कैसी थी ? (1)

(ड़) लैटरबक्स को सभी लोग लाल ताऊ कहकर क्यों पुकारते थे ? (1)

प्रश्न 11 : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार में लिखिए।

(क) आकाश को सिर पर बाँधे साफ़े के समान क्यों कहा गया है ? (3)

(ख) ब्लड-बैंक में रक्तदान से क्या लाभ है ? (3)

(ग) कठपुतली को गुस्सा क्यों आया ? (3)

(घ) माधवदास क्यों बार -बार चिड़िया को कहता है कि यह बगीचा तुम्हारा ही है ? (3)

(ङ) मिठाईवाला अलग अलग चीज़ें क्यों बेचता था और वह महीनों बाद क्यों आता था ? (3)

खंड - घ (लेखन)

प्रश्न 12 : निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए। (5)

(क) विद्यार्थी जीवन और अनुशासन

(ख) व्यायाम के लाभ

(ग) मेरी दादी माँ

प्रश्न 13 : अपने मित्र को जन्मदिन की बधाई देते हुए एक पत्र लिखिए। (5)

अथवा

अपने विद्यालय की प्रधानाचार्या को स्थानांतरण प्रमाण के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए।

****